# कलम और तलवार

## बोध एवं विचार

**अभ्यासमाला**

**1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो :**

(क) कलम किसका प्रतीक है ?

**उत्तर :** कलम ज्ञानशक्ति का प्रतीक है ।

(ख) तलवार किसका प्रतीक है ?

**उत्तर :** तलवार दैहिक शक्ति का प्रतीक है ।

(ग) संसार में कलम और तलवार मै से किसकी शक्ति असीम है ?

**उत्तर :** संसार में कलम और तलवार में से कलम की शक्ति असीम है ।

(घ) मीठे गान की सृष्टि किसके द्वारा होती है ?

**उत्तर :** मीठे गान की सृष्टि कलम के द्वारा होती है ।

(ङ) युद्ध किसके बल पर जीता जा सकता है ?

**उत्तर :** युद्ध तलवार के बल पर जीता जा सकता है ।

(च) किसमे विचारों की शक्ति होती है ?

**उत्तर :** कलम में विचारों की शक्ति होती है ।

**2. अति संक्षिप्त उत्तर दो (लगभग २५ शब्द में) :**

**(क) कलम हमारे किस काम आती है ?**

**उत्तर :** कलम से हम लिखते है । कलम हमारे मन में ऊँचे भाव की पैदा करती है । कलम के द्वारा घर में बैठ कर मीठे गान रचना करते है । कलम ज्ञान का प्रदीप जलाकर घर को प्रकाशित करते है । वह लोगों के दिल में नहीं, परन्तु दिमाग में भी उत्तेजनापूर्ण भाव पैदा करती है ।

**(ख) तलवार की क्या उपयोगिता है ?**

**उत्तर :** तलवार ने हमारे शरीर में शक्ति पैदा करती है । युद्ध में विजयी होने के लिए और हिंस्र पशुओं से बचने के लिए तलवार की आवश्यकता पड़ती है ।

**(ग) अंध कक्ष में बैठ रचोगे ऊँचे मीठे गान का आशय स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** रामधारी सिंह (दिनकर) ने इस कविता के माध्यम से हमें दो शक्ति का परिचय करवाया (ज्ञानशक्ति और दैहिक शक्ति)। और इस आशय का यही उद्देश्य है कि हम दो में से क्या चुनेंगे-अंध कमरा मे ज्ञान कि दिप जलाऐंगे या तलवार से दैहिक शक्ति का प्रचारण करेंगे ।

**(घ) कलम विचारों के अंगारे कैसे पैदा  करती है ?**

**उत्तर :** कलम बड़ी शक्तिशाली है । कलम के जरिये दुनिया को बदल दे सकते है । कलम ने लोगों के मन में ऊँचे भाव पैदा करती है। इसके अलावा दिमाग में भी उत्तेजनापूर्ण भाव पैदा करती है ।

**(ङ) अक्षर चिंगारी कैसे बनते है ?**

**उत्तर :** कलम आग उगलकर मनुष्य के हृदय में आग जलाती है तथा खून गरम करके रखती है। मनुष्य के दिमाग में भी उत्तेजनापूर्ण भाव पैदा करती है ।

**3. संक्षेप में उत्तर दो (लगभग ५० शब्दों में)**

**(क) हाथों में शास्त्रास्त्र न होने पर भी कलम के द्वारा समाज में फैले भ्रष्टाचार-अनाचार को कैसे दूर किया जा सकता है ?**

**उत्तर :** कलम की शक्ति अपराजेय और स्थायी है । कलम के जरिये दुनिया को बदल दें सकतें है । कलम ने लोगों के मन में ऊँचे भाव पैदा करती है । इसके अलावा दिमाग में भी उत्तेजनापूर्ण भाव पैदा करती है । कलम ने हिंसा नहीं देखती है । कलम के जरिये देश की एकता, प्रेम भाव आदि पैदा करती है ।

**(ख) कलम और तलवार में से तुम क्या लेना पसंद करोगे और क्यों ?**

**उत्तर :** कलम और तलवार में से मै कलम लेना पसंद करता हूँ । क्योंकि कलम की शक्ति अपराजेय और स्थायी है। कलम ने हिंसा नहीं देखती है । कलम हमारे मन में ऊँचे भाव की पैदा करती है । कलम ज्ञान का प्रदीप जलाकर घर को प्रकाशित करते है । वह लोगों के दिल में नहीं, परन्तु दिमाग में भी उत्तेजनापूर्ण भावों पैदा करती है ।

**(ग) इस कविता से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?**

**उत्तर :** कलम और तलवार इस कविता से हमें यह प्रेरणा मिलति है कि जिसके द्वारा मनुष्य की लाभ या उन्नति होती है उसको साथ लेना चाहिये । हर आदमी का उद्देश्य होना चाहिए एक अच्छा इंसान बनना । इसलिए हमें वास्तविक शक्तियों को छोड़ देना चाहिए ।

**4. सम्यक उत्तर दो (लगभग १०० शब्दों में)**

**(क) ‘कलम और तलवार कविता का सारांश लिखो ।**

**उत्तर :** राष्ट्रवादी कवि रामधारी सिंह दिनकर जी ने कविता ‘कलम और तलवार में कलम और तलवार की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया है कि कलम हमारे मन में ऊँचे भाव की पैदा करती है और तलवार हमे शक्ति पैदा करती है। कलम के द्वारा घर में बैठ कर मीठे गान रचना करते है और तलवार से मैदान जाकर लड़ाई जीतना है । कलम ज्ञान का प्रदीप जलाकर घर को प्रकाशित करते हैं, और तलवार घर का रक्षा करता है । कलम देश की महान शक्ति है । वह लोगों के दिल में नहीं, परंतु दिमाग में भी उत्तेजनापूर्ण भावों पैदा करती है । इसलिए कलम की शक्ति ज्यादा है ।

**(ख) कलम और तलवार में किसकी शक्ति अधिक है ? तर्क सहित अपना विचार प्रस्तुत करो ।**

**उत्तर :** कलम और तलवार में कलम की शक्ति अधिक है क्योंकि कलम की शक्ति अपराजेय है और स्थायी है । तलवार की शक्ति अस्थायी है, केवल अपने को ही बचाने के लिये तथा मैदान में जीतने के लिये तलवार दर्कार है, इसके अलावा और कोई काम नहीं है । कलम ने मनुष्य के अंतर में प्रदीप जलाती है । कलम ने हिंसा नहीं देखती है । कलम के जरिये देश की. एकता, प्रेम भाव आदि पैदा करती है, इसलिये मै कलम पसन्द करता हूँ ।

**5. सप्रसंग व्याख्या करो :**

**(क) अंध कक्ष में बैठ रचोगे ऊँचे मीठे गान ? या तलवार पकड़ जीतोगे बाहर जा मैदान ?**

**उत्तर :** प्रस्तुत पंक्तियां हमारी पाठ्यपुस्तक के अन्तर्गत रामधारी सिंह दिनकर जी के द्वारा लिखा हुआ, कलम और तलवार नामक कविता से लिया गया है।

कवि दिनकर जी ने कहा है कि कलम के द्वारा घर में बैठ कर मीठे गान रचना करते है और तलवार से मैदान जाकर लड़ाई जीतना है । कलम ज्ञान का प्रदीप जलाकर घर को प्रकाशित करते है, और तलवार घर का रक्षा करता है ।

**(ख) लहू गर्म रखने को रखो मन में ज्वलित विचार, हिंस्र जीव से बचने को चाहिए किंतु, तलवार ।**

**उत्तर :** प्रस्तुत पंक्तियां हमारी पाठ्यपुस्तक के अंतर्गत रामधारी सिंह दिनकर जी के द्वारा लिखा हुआ कलम और तलवार नामक कविता से लिया गया है ।

कवि दिनकर जी ने कहा है कि कलम के द्वारा मनुष्य ज्ञान का प्रदीप जला सकता है तथा विचारों की शक्ति के द्वारा समाज में नयी चेतना पैदा करती है । दूसरी और युद्ध में विजयी होने के लिए और हिंस्र पशुओं से बचने के लिए तलवार की आवश्यकता है ।

**(ग) जहाँ लोग पालते लहू में हलाहल की धार, क्या चिंता यदि वहाँ हाथ में हुई नहीं तलवार ?**

**उत्तर :** प्रस्तुत पंक्तियां हमारी पाठ्यपुस्तक के अंतर्गत रामधारी सिंह दिनकर जी के द्वारा लिखा हुआ कलम और तलवार नामक कविता से लिया गया है ।

कवि दिनकर जी ने कहा है कि कमल आग उगलकर मनुष्य के हृदय में आग जलाती रहती है तथा खून गरम करके रखती है । दिमाग में गोले होती है । वहाँ तलवार का कुछ भी काम है ।

## भाषा एवं व्याकरण ज्ञान

**1. निम्नांकित शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो :**

घर — मकान।

तलवार — कृपाण, असी।

दीप — दीया।

लहू — खून।

बिजली — चपला, तड़ित।

तन — शरीर।

अपार — असीम।

शाक्ति — बल।

**2. एक ही शब्द के कई-कई अर्थ होते है : इन्हें 'अनेकार्थी शब्द' कहते है । यथा—'पानी के चार अर्थ होते है— जल, शान, चमक और प्रतिष्ठा । निम्नांकित शब्द के दो दो अर्थ लिखो**

कलम — लेखनी।

कक्षा — कमरा श्रेणी।

मैदान — युद्धक्षेत्र।

अक्षर — लिपि।